10	प्रशासनिक व्यय (क्रमांक–01 से 09 पर अंकित का 10 प्रतिशत)	10,300.00
	कुल योग :–	**1,13,300.00**

➢ तीन दिवसीय प्रशिक्षण–

लक्षित समूह –न्यायिक, प्रशासनिक, राजस्व, केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकारी, अध्यापक एवं प्रधानाचार्यो एवं मेडिकल/पैरा मेडिकल कार्मिकों तथा गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि।

अवधि	• 03 दिवस
प्रतिभागियों की संख्या	• 40 • बैच प्रारम्भ करने हेतु न्यूनतम प्रतिभागी – 30 • 30 प्रतिभागियों से कम होने पर कोई क्षतिपूर्ति नहीं की जायेगी।

क0सं0	व्यय का मद विवरण	अधिकतम धनराशि
1	कार्यक्रम समन्वयक का मानदेय रू0 2000/–अधिकतम प्रतिदिन की दर से (सरकारी संस्था के लिए लागू नहीं)	6,000.00
2	रिर्सोस परसन का मानदेय रू0 1000/– प्रतिदिन प्रतिव्यक्ति	12,000.00
3	वर्किंग लंच/टी/काफी/डिनर रू0 500/–प्रतिदिन प्रतिव्यक्ति की दर से 40 प्रतिभागियों 05 अतिरिक्त (रिर्सोस परसन, समन्वयक)के लिए	60,750.00
4	कार्यक्रम किट (प्रशिक्षण माड्यूल, हैण्डबिल, पोस्टर, पैड व पेन सहित) विभाग व आर0सी0आई0 के लोगो सहित बैग रू0 800/–प्रति किट की दर पर।	32,000.00
5	फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी रू0 2500/– अधिकतम प्रतिदिन	7,500.00
6	रिपोर्ट तैयार किया जाना– अधिकतम रू0 5000/–तक	6,000.00
7	बाहर से आने वाले रिर्सोस परसन की आवास की व्यवस्था (रू0 1000/–प्रति दिन प्रति रिसोर्स परसन)	12,000.00
8	प्रतिभागियों के आवास की व्यवस्था (50 प्रतिशत प्रतिभागी स्थानीय व पड़ोसी जनपदों से) रू0 800/–प्रति प्रतिभागी प्रतिदिन	48,000.00
9	प्रतिभागियों के लिए यात्रा–भत्ता (वास्तविक व्यय रू0 1000/–अधिकतम बाह्य जनपदों के प्रति प्रतिभागी)	30,000.00
	योग :–	**2,14,250.00**
10	प्रशासनिक व्यय (क्रमांक–01 से 09 पर अंकित का 10 प्रतिशत)	21,425.00

	कुल योग :–	2,35,675.00

(E)-<u>प्रशिक्षण हेतु निम्न प्रकार की संस्थाओं को प्राथमिकता दी जायेगी</u> –

1. *आर0सी0आई0 से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय।*
2. *राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के कार्मिक प्रशिक्षण संस्थान जो उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित हैं।*
3. *राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उ0प्र0 से प्राप्त प्रस्ताव।*

(F)- *आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया–*

1. *<u>क</u>–कोई भी सरकारी/गैर सरकारी संस्था/दिव्यांगजन जो इस योजना से नियमानुसार आच्छादित होते हैं, उनके द्वारा योजना हेतु निर्धारित आवेदन पत्र भर कर सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अथवा उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अथवा मण्डलीय उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आवेदन का परीक्षण कर स्पष्ट रूप से प्रमाणित करेंगें कि प्रस्तावित आवेदन राज्य सरकार के किसी अन्य योजना से वित्त पोषित नहीं है, तथा संस्तुति सहित अपना मंतव्य अंकित करते हुए जिलाधिकारी अथवा संबंधित मण्डल के मण्डलायुक्त के माध्यम से निदेशक/कार्यकारी अधिकारी राज्य निधि शासी निकाय को आवेदन पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर प्रेषित किया जायेगा।*

<u>ख</u>–भारत सरकार अथवा केन्द्र सरकार के अधिनियमों अथवा वैधानिक नियमों के माध्यम से स्थापित स्वायत्तशासी राजकीय संस्थान/विश्वविद्यालय (जो सामाजिक, शैक्षिक अथवा चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हों अथवा दिव्यांगजनों के पुनर्वासन का कार्य कर रहे हों), सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर अपने कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से निदेशक/कार्यकारी अधिकारी राज्य निधि शासी निकाय को आवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। विधि द्वारा स्थापित ऐसी संस्थाओं को आर0पी0डब्लू0डी0 एक्ट–2016 के तहत् पंजीकरण की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जायेगी, क्योंकि ऐसी संस्थायें स्वंय ही सामाजिक, शैक्षिक अथवा चिकित्सा के क्षेत्र में उन्नयन के उद्देश्यों से प्रेरित होती हैं तथा उनका मौलिक उद्देश्य कल्याणकारी राज्य की स्थापना होता है।

ग– राज्यनिधि मद के अन्तर्गत दिव्यांगजन द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन पत्रों के प्राप्त होने पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अथवा उपनिदेशक दिव्यांगजन द्वारा आवेदन पत्र का परीक्षण कर स्पष्ट रूप से प्रमाणित किया जायेगा कि प्रस्तावित आवेदन राज्य सरकार के किसी अन्य योजना से वित्त पोषित नहीं है, तथा संस्तुति सहित अपना मंतव्य अंकित करते हुए जिलाधिकारी अथवा संबंधित मण्डलायुक्त के माध्यम से निदेशक को आवेदन पत्र प्राप्ति के 01 माह के अन्दर प्रेषित किया जायेगा।

2– आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किये जायेगें।

(क) रजिस्ट्रेशन की प्रति।

(1) सोसाइटी एक्ट/कम्पनी एक्ट/राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार के सुसंगत अधिनियम के तहत् पंजीकृत अथवा अधिसूचित होने का प्रमाण–पत्र।

(2) आर0पी0डब्लू0डी0 एक्ट–2016 के तहत् पंजीकरण वैधता।

(ख) अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र की प्रति।

(ग) संस्था के एसोसिएशन के मेमोरण्डम की प्रति।

(घ) पैन/टैन/जी0एस0टी0 नंबर की प्रति

<u>3–स्वीकृत प्रक्रियाः–</u>

<u>क–</u> निदेशालय में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का परीक्षण किया जायेगा, पात्र होने पर उन्हें सूचीबद्ध किया जायेगा।

<u>ख–</u> इस योजना हेतु प्राप्त आवेदन पत्र अपूर्ण होने के आधार पर निरस्त नहीं किये जायेंगे बल्कि जो अभिलेख, प्रमाण–पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है उन्हें अधिकतम् 15 दिन में पूर्ण कराया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

<u>ग–</u> निदेशालय स्तर पर परीक्षण कर पूर्ण प्रस्ताव को वित्तीय सहायता हेतु शासन स्तर पर गठित समिति को प्रेषित किया जायेगा।

<u>घ–</u> अनुदान दिये जाने हेतु राज्य निधि के प्रबन्धन हेतु अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित शासी निकाय" में निर्णय लिया जायेगा।

<u>4– भुगतान की प्रक्रियाः–</u> स्वीकृत धनराशि का भुगतान ई–पेमेंट के माध्यम से आवेदन कर्ता द्वारा उपलब्ध कराये गये संस्था के बैंक खाते में किया जायेगा।

<u>5– अभिलेखों का रख–रखावः–</u> इस योजना अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का रख–रखाव निदेशालय स्तर पर किया जायेगा।

<u>6– अनुदान की वसूलीः–</u>धनराशि का दुरूपयोग करने पर भारतीय दण्ड संहिता के तहत् अपराध माना जायेगा एवं अनुदान की धनराशि भू–राजस्व के बकाये की भांति वसूल कर लिया जायेगा।

7–<u>अनुदान की वापसी–</u> यदि किसी कारण से अनुदान प्राप्त कर्ता द्वारा अनुदान की धनराशि का उपयोग नहीं किया जाता या अनुदान की धनराशि अवशेष रहा जाती है तो उसे दिव्यांगजन हेतु राज्य निधि(State Fund for Divyangjan) के नाम से वापस किया जायेगा जिसे कार्यपालक अधिकारी राज्य निधि द्वारा राज्य निधि के खाते में जमा करायी जायेगी।

<u>8–अन्यः–</u> किसी भी प्रकार के विवाद की दशा में "शासी निकाय" का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

<u>"राज्य निधि" के अन्तर्गत दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित इत्यादों को प्रदर्शित करने के लिए कार्यशालाओं हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु आवेदन का प्रारूप</u>

1	संस्था का नाम	
2	संस्था का पूरा पता	
3	संस्था कहां रजिस्टर्ड है:-(सोसाइटी एक्ट/कम्पनी एक्ट/ट्रस्ट एक्ट)	
4	रजिस्ट्रेशन नम्बर	
5	मॉग का औचित्यपूर्ण उद्देश्य	
6	सम्पर्क विवरण	

7	भारतीय पुनर्वास परिषद से अनुमोदित पाठ्यक्रमों का विवरण जिसे संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है।	
8	प्रशिक्षण हेतु प्रस्तावित तिथि एवं अवधि	
9	प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षुओं की संख्या	
10	क्या प्रतिभागियों के आवास के लिए पर्याप्त क्षेत्र बनाये गये है।	
11	ये सुविधाए सुलभ हैं या नहीं।	
12	संस्था का बैंक खाता संख्या	
13	बैंक का नाम	
14	आई0एफ0एस0सी0 कोड	
15	प्रशिक्षण हेतु माँगी जाने वाली धनराशि	

<u>आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रमाण-पत्रः-</u>

1. रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की प्रति।
2. अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र की प्रति।
3. संगठन के एसोसिएशन के ज्ञापन की प्रति।
4. पैन/टैन/जीएसटी नंबर की प्रति।

(संस्था के अधिकृत पदाधिकारी के हस्ताक्षर)

---------0---------

संख्या-205/2023-65-3099/645/2019

प्रेषक,

लाल बहादुर यादव,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 19 जुलाई, 2023

विषयः- दिव्यागंजन क लिये राज्य निधि मद की धनराशि को व्यय किये जाने सम्बन्धी निर्गत दिशा-निर्देश में संशोधन के सबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या अपने पत्र संख्या-1434/निदे0दि0स0/रा0नि0/2023-24, दिनॉक 03 जुलाई, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 एवं उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन अधिकार नियमावली-2017 की अध्याय 10 के अन्तर्गत "राज्य निधि" के संचालन हेतु अपर मुख्य सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 की अध्यक्षता में गठित "शासी निकाय" की बैठक दिनॉक 24.01.2023 के सम्बन्ध मे निर्गत कार्यवृत्त दिनॉक 02.02.2023 के बिन्दु संख्या 04(अ) दिव्यांगजन के लिए राज्य निधि मद की धनराशि को व्यय किये जाने सबंधी दिशा-निर्देश में प्रस्तावति संशोधन के सबंध में अनुमोदन हेतु अनुरोध किया गया है।

3- इस संबंध में शासन के पत्र संख्या-381/2021-65-3099/645/2019 दिनॉक 14 सितम्बर 2021 द्वारा राज्य निधि के धनराशि के व्यय किये जाने हेतु निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में सम्यक विचारोपरान्त शासी निकाय द्वारा प्रस्तावित संशोधन पर निम्नवत अनुमोदन प्रदान किया गया है:-

कार्यक्रम का नाम	स्तम्भ-1	स्तम्भ-2
	विद्यमान नियम	प्रस्तावित नियम
उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं, कार्यशालाओं हेतु धनराशि राज्य निधि से सहायता के रूप में	अधिकतम वित्तीय सहायता जनपद स्तर के लिए रू0 2.5 लाख मण्डल स्तर के लिए रू0 5.0 लाख एवं राज्य स्तर के लिए रू0 10.0 लाख रूपये होगी।	अधिकतम वित्तीय सहायता जनपद स्तर के लिए रू0 5 लाख, मण्डल स्तर के लिए रू0 10 लाख एवं राज्य स्तर के लिए रू0 20 लाख देय होगी। निजी क्षेत्र द्वारा योजनान्तर्गत कराये जाने वाले किसी भी आयोजन हेतु अनुमानित व्यय धनराशि का 10 प्रतिशत आयोजक द्वारा स्वयं के श्रोतो से वहन किया जायेगा।
	आवेदन प्रस्तुत करने की	**आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया-**

उपलब्ध कराना।	**प्रक्रिया-** कोई भी सरकारी/गैर सरकारी संस्था जो इस योजना से लाभान्वित होना चाहते है, उनके द्वारा योजना हेतु निर्धारित आवेदन पत्र भर कर सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा आवेदन का परीक्षण कर जिलाधिकारी के माध्यम से निदेशक को आवेदन पत्र प्राप्ति के 01 माह के अन्दर प्रेषित किया जायेगा।	**क**-कोई भी सरकारी/गैर सरकारी संस्था/दिव्यांगजन जो इस योजना से नियमानुसार आच्छादित होते है, उनके द्वारा योजना हेतु निर्धारित आवेदन पत्र भर कर सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अथवा उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अथवा मण्डलीय उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आवेदन का परीक्षण कर स्पष्ट रूप से प्रमाणित करेगें कि प्रस्तावित आवेदन राज्य सरकार के किसी अन्य योजना से वित्त पोषित नही है, तथा संस्तुति सहित अपना मंतव्य अंकित करते हुए जिलाधिकारी अथवा सबंधित मण्डल के मण्डलायुक्त के माध्यम से निदेशक/कार्यकारी अधिकारी राज्य निधि शासी निकाय को आवेदन पत्र प्राप्ति के 10 दिन के अन्दर प्रेषित किया जायेगा। **ख**-भारत सरकार अथवा केन्द्र सरकार के अधिनियमों अथवा वैधानिक नियमों के माध्यम से स्थापित स्वायत्तशासी राजकीय संस्थान/विश्वविद्यालय (जो सामाजिक, शैक्षणिक अथवा चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हों अथवा दिव्यांगजनों के पुनर्वासन का कार्य कर रहे हों) सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर अपने कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से निदेशक/कार्यकारी अधिकारी राज्य निधि शासी निकाय को आवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। विधि द्वारा स्थापित ऐसी संस्थाओं को आर0पी0डब्लू0डी0 एक्ट-2016 के तहत पंजीकरण की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जायेगी, क्योकि ऐसी संस्थायें स्वयं ही सामाजिक, शैक्षणिक अथवा चिकित्सा क्षेत्र में उन्नयन के उददेश्यों से प्रेरित होती हैं तथा उनका मौलिक उददेश्य कल्याणकारी राज्य की स्थापना होता है।
उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन जिनका खेल/ललितकला/संगी	**आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया-** कोई भी सरकारी/गैर सरकारी	**आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया-** **क**-कोई भी सरकारी/गैर सरकारी संस्था/ दिव्यांगजन जो इस योजना से नियमानुसार

त/नृत्य/फिल्म/थियेटर/ साहित्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो उन्हें , राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता हेतु उपलब्ध कराना।	संस्था जो इस योजना से लाभान्वित होना चाहते है, उनके द्वारा योजना हेतु निर्धारित आवेदन पत्र भर कर सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा आवेदन का परीक्षण कर जिलाधिकारी के माध्यम से निदेशक को आवेदन पत्र प्राप्ति के 01 माह के अन्दर प्रेषित किया जायेगा।	आच्छादित होते हैं, उनके द्वारा योजना हेतु निर्धारित आवेदन पत्र भर कर सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अथवा उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अथवा मण्डलीय उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आवेदन का परीक्षण कर स्पष्ट रूप से प्रमाणित करेगें कि प्रस्तावित आवेदन राज्य सरकार के किसी अन्य योजना से वित्त पोषित नहीं है, तथा संस्तुति सहित अपना मंतव्य अंकित करते हुए जिलाधिकारी अथवा संबंधित मण्डल के मण्डलायुक्त के माध्यम से निदेशक/कार्यकारी अधिकारी राज्य निधि शासी निकाय को आवेदन पत्र प्राप्ति के 10 दिन के अन्दर प्रेषित किया जायेगा। ख-भारत सरकार अथवा केन्द्र सरकार के अधिनियमों अथवा वैधानिक नियमो के माध्यम से स्थापित स्वायत्तशासी राजकीय संस्थान/ विश्वविद्यालय (जो सामाजिक, शैक्षिक अथवा चिकित्सा के क्षेत्र मे कार्य कर रहे हों अथवा दिव्यांगजनों के पुनर्वासन का कार्य कर रहे हो), सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर अपने कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से निदेशक/ कार्यकारी अधिकारी राज्य निधि शासी निकाय को आवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। विधि द्वारा स्थापित ऐसी संस्थाओं को आर0पी0डब्लू0डी0 एक्ट-2016 के तहत पंजीकरण की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जायेगी, क्योंकि ऐसी संस्थायें स्वयं ही सामाजिक, शैक्षिक अथवा चिकित्सा के क्षेत्र में उन्नयन के उद्देश्यों से प्रेषित होती हैं तथा उनका मौलिक उद्देश्य कल्याणकारी राज्य की स्थापना होता है।

2- राज्यनिधि मद के अन्तर्गत दिव्यांगजन द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन पत्रों के प्राप्त होने पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अथवा उपनिदेशक दिव्यांगजन द्वारा आवेदन पत्र का परीक्षण कर स्पष्ट रूप से प्रमाणित किया जायेगा कि प्रस्तावित आवेदन राज्य सरकार के किसी अन्य योजना से

वित्त पोषित नही है तथा संस्तुति सहित अपना मंतव्य अंकित करते हुए जिलाधिकारी अथवा संबधित मण्लायुक्त के माध्यम से निदेशक को आवेदन पत्र प्राप्ति के 01 माह के अन्दर प्रेषित किया जायेगा।

3- अनुदान की वापसी-यदि किसी कारण के अनुदान प्राप्त कर्ता द्वारा अनुदान की धनराशि का उपयोग नही किया जाता या अनुदान की धनराशि अवशेष रह जाती है तो उसे **दिव्यांगजन हेतु राज्य निधि (State Fund for Divyangjan)** के नाम से वापस किया जायेगा जिसे कार्यपालक अधिकारी राज्य निधि द्वारा राज्य निधि के खाते में जमा करायी जायेगी।

4- दिव्यांगज सशक्तीकरण अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-381/2021-65-3099/645/2019, दिनॉक 14 सितम्बर, 2021 में वर्णित शेष दिशा-निर्देश यथावत रहेगें।

5- अत: मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त दिशा-निर्देश सभी सम्बन्धित को अपने स्तर से सूचित (प्रसारित) करते हुए अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चितत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(लाल बहादुर यादव)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनॉक तदैव-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0।
2- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, वेसिक शिक्षा विभाग/वित्त विभाग, उ0प्र0।
4- न्यायालय/कार्यालय, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उ0प्र0।
5- श्री शैलेन्द्र सोनकर, उपायुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखनऊ।
6- श्रीमती जे0 कल्याणी, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, मानसिक मंदितार्थ विभाग, डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ।
7- दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग- 1/2
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(लाल बहादुर यादव)
संयुक्त सचिव।

संख्या- 381/2021-65-3099/645/2019

प्रेषक,

लाल बहादुर यादव,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 14 सितम्बर, 2021

विषयः दिव्यांगजन के लिये राज्य निधि मद की धनराशि को व्यय किये जाने सम्बन्धी दिशा-निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1704/दि0ज0स0वि0/रा0नि0/2021-22, दिनांक 16-08-2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा दिव्यांगजन के लिये राज्य निधि मद से धनराशि को व्यय किये जाने सम्बन्धी कार्ययोजना प्रेषित की गई है।

2- इस सम्बन्ध में दिव्यांगजन के लिये राज्य निधि के प्रबन्धन हेतु अपर मुख्य सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित शासी निकाय की बैठक दिनांक 10-09-2021 में शासी निकाय द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्न विषयों पर राज्य निधि से धनराशि व्यय किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया है :-

(1) उ0प्र0 के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना।

(2) उ0प्र0 के दिव्यांगजन जिनका खेल/ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर /साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना।

(3) दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बेंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण (High Support Need Instruments) क्रय हेतु वित्तीय सहायता ।

.....2

(4) उ0प्र0 के दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा- कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता।

3- उपरोक्त दिशा-निर्देश के क्रियान्वयन से सम्बन्धित प्रक्रिया एवं आवेदन-पत्र का प्रारूप संलग्न है।

4- अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त दिशा-निर्देश सभी सम्बन्धित को अपने स्तर से सूचित (प्रसारित) करते हुए अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(लाल बहादुर यादव)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) निजी सचिव, मा0 मंत्री, पिछड़ावर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश ।

(2) निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 शासन।

(3) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग/ वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।

(4) श्री शैलेन्द्र सोनकर, उपायुक्त, दिव्यांगजन, उ0प्र0, लखनऊ।

(5) श्रीमती जे0 कल्याणी, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, मानसिक मंदितार्थ विभाग, डा0 शकुन्तला मिश्रा, राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ।

(6) दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग-1 एवं 2

(7) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(लाल बहादुर यादव)
संयुक्त सचिव।

1. उ0प्र0 के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना।

उद्देश्यः- दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा बनाये गये चित्रों हस्तशिल्पों सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने हेतु प्रदेश के जनपद स्तर/मण्डल स्तर/राज्य स्तर पर प्रदर्शनी/कार्यशालाओं के आयोजन के लिए राज्य निधि से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना।

पात्रताः- कोई भी सरकारी संगठन या सोसाइटी अधिनियम/कम्पनी अधिनियम/ट्रस्ट अधिनियम आर0पी0डब्लू0डी0 एक्ट-2016 के तहत् पंजीकृत एक संगठन जिसका विपणन उत्पादों/चित्रों में प्रदर्शनी/कार्यशालाओं के आयोजन में कम से कम दो वर्ष का अनुभव हो।

वित्तीय सहायता के अन्तर्गत निम्न घटक सम्मलित होगें:-

1. आयोजन स्थल की व्यवस्था के लिए स्थापना लागत, आयोजन स्थल के लागत सहित, भाग लेने वाले दिव्यांगजन को उनके उत्पादों/चित्रों के परिवहन लागत आदि को दिखाने के लिए आमंत्रण पर व्यय।
2. अतिरिक्त लॉजिस्टिक की लागत जैसे एलसीडी स्क्रीन, लाइट म्यूजिक आदि की व्यवस्था।
3. अग्रिम में 50 प्रतिशत अनुदान जारी किया जायेगा और शेष 50 प्रतिशत कार्यक्रम के पूरा होने और उपभोग प्रमाण-पत्र प्राप्त होने के बाद जारी किया जायेगा।
4. अधिकतम् वित्तीय सहायता जनपद स्तर के लिए रू. 2.5 लाख, मण्डल स्तर के लिए रू. 5.0 लाख एवं राज्य स्तर के लिए रू. 10.0 लाख रूपये होगी।

आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया-

1. कोई भी सरकारी/गैर सरकारी संस्था जो इस योजना से लाभान्वित होना चाहते है, उनके द्वारा योजना हेतु निर्धारित आवेदन पत्र भर कर सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा आवेदन का परीक्षण कर जिलाधिकारी के माध्यम से निदेशक को आवेदन पत्र प्राप्ति के 01 माह के अन्दर प्रेषित किया जायेगा।
2. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किये जायेगें।

(क) रजिस्ट्रेशन की प्रति।

(1) सोसाइटी एक्ट के तहत् पंजीकरण।

(2) आर0पी0डब्लू0डी0 एक्ट-2016 के तहत् पंजीकरण वैधता।

(ख) अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र की प्रति।

(ग) संस्था के एसोसिएशन के ज्ञापन की प्रति।

(घ) पैन/टैन/जी0एस0टी0 नंबर की प्रति।

(च) व्यापार/विपणन निकायों को आमंत्रण की प्रति।

स्वीकृत प्रक्रियाः-

1. निदेशालय में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का परीक्षण किया जायेगा, पात्र होने पर उन्हें सूचीबद्ध कराया जायेगा।
2. इस योजना हेतु प्राप्त आवेदन पत्र अपूर्ण होने के आधार पर निरस्त नहीं किये जायेंगे बल्कि जो अभिलेख, प्रमाण-पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है उन्हें अधिकतम् 15 दिन में पूर्ण कराया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

3. निदेशालय स्तर पर परीक्षण कर पूर्ण प्रस्ताव को वित्तीय सहायता हेतु शासन स्तर पर गठित समिति को प्रेषित किया जायेगा।
4. अनुदान दिये जाने हेतु राज्य निधि के प्रबन्धन हेतु अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित "शासी निकाय" में निर्णय लिया जायेगा।

भुगतान की प्रक्रियाः- स्वीकृत धनराशि का भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से आवेदन कर्ता द्वारा उपलब्ध कराये गये संस्था के बैंक खाते में किया जायेगा।

अभिलेखों का रख-रखावः- इस योजना अन्तर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्राप्त आवेदनों का रख-रखाव निदेशालय स्तर पर किया जायेगा।

अनुदान की वसूलीः- धनराशि का दुरूपयोग करने पर भारतीय दंण्ड संहिता के तहत् अपराध माना जायेगा एवं अनुदान की धनराशि भू-राजस्व के बकाये की भांति वसूल कर लिया जायेगा।

अन्यः- किसी भी प्रकार के विवाद की दशा में "शासी निकाय" का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

"राज्य निधि" के अन्तर्गत दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए कार्यशालाओं हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु आवेदन का प्रारूप

1	संस्था का नाम		
2	संस्था का पूरा पता		
3	संस्था कहां रजिस्टर्ड है:-(सोसाइटी एक्ट/कम्पनी एक्ट/ ट्रस्ट एक्ट)		
4	रजिस्ट्रेशन नम्बर		
5	माँग का औचित्यपूर्ण उद्देश्य	1-दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये हस्तशिल्प सहित प्रदर्शनी उत्पादों का अयोजन	
		2- होल्डिंग प्रदर्शनी चत्रकारी प्रदर्शित करना	
6	सम्पर्क विवरण		
7	प्रदर्शनी के क्षेत्र में संस्था का अनुभव		
8	प्रदर्शनी की तिथि एवं अवधि		
9	भाग लेने वाले दिव्यांगजनों की संख्या		
10	प्रदर्शित किये जाने वाले उत्पादों के प्रकार/संख्या		
11	क्या रिस्पॉन्सिव एजेंसियों द्वारा प्रस्तावित इवेंट को मंजूरी दे दी गयी है।		
12	क्या प्रतिभागियो के आवास के लिए पर्याप्त क्षेत्र बनाये गये है।		
13	ये सुविधाए सुलभ है या नहीं।		
14	संस्था का बैंक खाता संख्या		
15	बैंक का नाम		
16	आई0एफ0एस0सी0 कोड		

आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रमाण-पत्र:-

.1 रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र की प्रति।-
.2 अनुभव से सम्बन्धित प्रमाणपत्र की प्रति।-
.3 संगठन के एसोसिएशन के जापन की प्रति।
.4 पैनजीएसटी नंबर की प्रति।/टैन/
.5 व्यापारविपणन निकायों को आमंत्रण पत्र की प्रति।/

(संस्था के अधिकृत पदाधिकारी के हस्ताक्षर)
संस्था की मुहर

2. **उ0प्र0 के दिव्यांगजन जिनका खेल/ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर /साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना।**

उद्देश्यः-

बेंचमार्क दिव्यांगता वाले किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल/ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य के आयोजनों में प्रतिभाग हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करनाः-

1. जिसने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान खेल मंत्रालय या किसी भी कलाकार को दिव्यांगता के साथ उत्कृष्ट या होनहार के रूप में संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्गीकृत किया गया है।
2. ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने संबंधित मान्यता प्राप्त निकायों/प्रमाणित संस्थानों से कला प्रदर्शन करने में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है या राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन में भागीदारी के लिए राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहे हैं।
3. उत्तर प्रदेश सरकार से पूर्व में किसी प्रकार का अनुदान प्राप्त युवक (अधिकतम् आयु 21 वर्ष) को देश-प्रदेश एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु।
4. नैशनल आईटी चैलेंज में भाग लेने के लिए 13 से 21 आयु वर्ग में बेंचमार्क डिसएबिलिटी वाले युवा जो राष्ट्रीय प्रतियोगी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों का फैसला करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य प्रतियोगिता है। समय-समय पर ग्लोबल आईटी चैलेंज के मानदंडों के संदर्भ में आयु वर्ग में बेंचमार्क डिसएबिलिटी तय की जायेगी।
5. दिव्यांगजनों में खेलकूद प्रोत्साहन सम्बन्धी खेलकूद कार्यक्रमों के आयोजन हेतु अधिकतम रू0 10.00 लाख की वित्तीय सहायता।

पात्रताः-

1. बेंचमार्क डिसएबिलिटी (दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक) वाले किसी भी व्यक्ति ने मेडल जीते हैं या पिछले तीन वर्षों के दौरान खेल कार्यक्रमों या दिव्यांगता वाले किसी भी कलाकार को संस्कृति मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार प्रोन्नति ग्रेड दिया गया है।
2. राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के परिवार की वार्षिक आय रू. 3.0 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन के लिए, परिवार की आय रू. 6.0 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।
3. समान घटना के लिए फंड से सहायता केवल एक बार दी जा सकती है (यदि किसी विशेष व्यक्ति को एक राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय घटना के लिए फंड के तहत सहायता दी गयी है, तो वह समान घटनाओं के लिए वित्तीय सहायता के पात्र नहीं होगा)।
4. भारत का नागरिक हो।
5. उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी हो या कम से कम 05 वर्ष से उत्तर प्रदेश का अधिवासी हो।
6. किसी अपराधिक मामले में दंडित न किया गया हो।

वित्तीय सहायता के अन्तर्गत निम्न घटक सम्मलित होगेः-

1. राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग हेतु दिव्यांगजन के सहयोगी के साथ द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का रेल किराया तथा पूरी अवधि के लिए रू० 2500.00 प्रति दिन के दर से धनराशि देय होगी।
2. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग हेतु, निकट स्तर/रूट (सबसे छोटा रास्ता) का इकोनामी क्लास का सहयोगी के साथ हवाई किराया एवं पूरी अवधि के लिए रू० 4000.00 प्रतिदिन के दर से धनराशि देय होगी।
3. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल कार्यक्रम में प्रयोग होने वाले खेल किट क्रय करने हेतु धनराशि का भुगतान।

आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रियाः-

1. ऐसे पात्र दिव्यांगजन जो भी इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं उनके द्वारा योजना हेतु निर्धारित आवेदन सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा आवेदन का परीक्षण कर जिलाधिकारी के माध्यम से निदेशक को आवेदन पत्र प्राप्ति के 01 माह के अन्दर प्रेषित किया जायेगा।

2. आवेदन के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किये जायेगें।

(क) स्थायी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जो सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदान किया गया हो अथवा यू0डी0आई0डी0 कार्ड की प्रति।

(ख) आधार नम्बर अथवा पंजीकरण नम्बर (यदि आधार कार्ड अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है) की प्रति।

(ग) राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में जीते हुए पदक का प्रमाण पत्र अथवा ललित-कला/संगीत/नृत्य आदि में प्राप्त प्रमाण पत्र की प्रति।

(घ) राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु आमंत्रण पत्र की प्रति।

(च) आय प्रमाण-पत्र की प्रति।

स्वीकृत प्रक्रियाः-

1. निदेशालय में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का परीक्षण किया जायेगा, पात्र होने पर उन्हें सूचीबद्ध कराया जायेगा।
2. इस योजना हेतु प्राप्त आवेदन पत्र अपूर्ण होने के आधार पर निरस्त नहीं किये जायेंगे बल्कि जो अभिलेख, प्रमाण-पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है उन्हें अधिकतम 15 दिन में पूर्ण कराया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।
3. निदेशालय स्तर पर परीक्षण कर पूर्ण प्रस्ताव को वित्तीय सहायता हेतु शासन स्तर पर गठित समिति को प्रेषित किया जायेगा।
4. अनुदान दिये जाने हेतु राज्य निधि के प्रबन्धन हेतु अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित "शासी निकाय" में निर्णय लिया जायेगा।

भुगतान की प्रक्रियाः- स्वीकृत धनराशि का भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से आवेदन कर्ता द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक खाते में किया जायेगा।

अभिलेखों का रख-रखावः- इस योजना अन्तर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्राप्त आवेदनों का रख-रखाव निदेशालय स्तर पर किया जायेगा।

अनुदान की वसूलीः- धनराशि का दुरूपयोग करने पर भारतीय दण्ड संहिता के तहत् अपराध माना जायेगा एवं अनुदान की धनराशि भू-राजस्व के बकाये की भांति वसूल कर लिया जायेगा।

अन्यः- किसी भी प्रकार के विवाद की दशा में "शासी निकाय" का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

"राज्य निधि" के अन्तर्गत दिव्यांगजन को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु आवेदन का प्रारूप

पासपोर्ट साइज फोटो

1	आवेदक का नाम	
2	पिता/माता का नाम	
3	आवेदक का पता	
4	टैलीफोन नं0/मो0नं0/ई मेल आई.डी.	
5	जन्म तिथि	
6	लिंग (पुरूष/महिला/अन्य)	
7	दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत	
8	आधार नं0 अथवा आधार पंजीकरण नं0 (यदि आधार नं0 नहीं प्राप्त हुआ है तो)।	
9	पासपोर्ट नं0 (अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन में सम्मिलित होने हेतु)	
10	परिवार का वार्षिक आय	
11	दिव्यांगता प्रमाण-पत्र का विवरण	
	(1) रजिस्ट्रेशन नम्बर	
	(2) जारी होने की तिथि	
12	वित्तीय सहायता प्राप्त करने का प्रयोजन	
13	दिनांक एवं आयोजन की समयाअवधि	
14	संस्कृति मंत्रालय अथवा पंजीकृत संस्था द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र का विवरण	
15	खेल तथा अन्य क्षेत्रों में जीते गये पदक का विवरण	
16	आवेदक के बैंक का नाम	
17	खाता संख्या	
18	आई0एफ0एस0सी0 कोड	

<u>आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रमाण-पत्र:-</u>

1. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की प्रति।
2. आय प्रमाण-पत्र की प्रति।
3. पैन नम्बर की प्रति (यदि हो तो)।
4. आधार कार्ड अथवा आधार पंजीकरण नम्बर (यदि आधार कार्ड अभी प्राप्त नहीं हुआ है) की प्रति।
5. खेल में प्राप्त पदक/पुरस्कृत होने का प्रमाण-पत्र/ललित कला आदि क्षेत्र में प्राप्त प्रमाण-पत्र की प्रति।
6. बैंक पासबुक की प्रति।

3- दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण (High Support Need Instruments) क्रय हेतु वित्तीय सहायता ।

उद्देश्य-

इस योजना का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें मुख्य चिकित्साधिकारी के अनुशंसा के अनुसार दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए अनुकूलित गतीशीलता उपकरण (उच्च समर्थन वाले उपकरण) की आवश्यकता होती है, उसे क्रय करने हेतु राज्य निधि से एक सहायता के रूप में धनराशि उपलब्ध कराना।

पात्रता:-

(क) ऐसे दिव्यांगजन (दिव्यांगता 80 प्रतिशत अथवा इससे अधिक हो) जिनकी स्वयं अथवा माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रू. 2.0 लाख से अधिक न हो।

(ख) भारत का नागरिक हो।

(ग) उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी या कम से कम 05 वर्ष से प्रदेश का अधिवासी हो।

(घ) किसी अपराधिक मामले में दंडित न किया गया हो।

(च) ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनको इस योजना हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार से लाभान्वित किया गया है, उनको इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

वित्तीय सहायता:- दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए अनुकूलित गतिशीलता उपकरणों की वास्तविक लागत या रू. 1.0 लाख रूपये जो भी कम हो।

आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया:-

1. निर्धारित आवेदन सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा।
2. आवेदन पत्र प्राप्त होने पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा आवेदन का परीक्षण कर जिलाधिकारी के माध्यम से निदेशक को आवेदन पत्र प्राप्ति के 01 माह के अन्दर प्रेषित किया जायेगा।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किये जायेगें।

1. स्थायी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जो सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदान किया गया हो अथवा यू0डी0आई0डी0 कार्ड।
2. वार्षिक आय (सभी स्रोतों से) का प्रमाण-पत्र।
3. आधार कार्ड अथवा आधार पंजीकरण नम्बर (यदि आधार कार्ड अभी प्राप्त नहीं हुआ है तो) की प्रति।
4. शासकीय चिकित्सालय द्वारा की गयी अनुसंशा की प्रति।
5. उपकरण मूल्य के कोटेशन की प्रति।

स्वीकृत प्रक्रिया:-

1. निदेशालय में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का परीक्षण किया जायेगा, पात्र होने पर उन्हें सूचीबद्ध कराया जायेगा।
2. इस योजना हेतु प्राप्त आवेदन पत्र अपूर्ण होने के आधार पर निरस्त नहीं किये जायँगे बल्कि जो अभिलेख, प्रमाण-पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है उन्हें अधिकतम् 15 दिन में पूर्ण कराया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदनकर्ता का होगा।
3. निदेशालय स्तर पर परीक्षण कर पूर्ण प्रस्ताव को वित्तीय सहायता हेतु शासन स्तर पर गठित समिति को प्रेषित किया जायेगा।
4. अनुदान दिये जाने हेतु राज्य निधि के प्रबन्धन हेतु अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित "शासी निकाय" में निर्णय लिया जायेगा।

भुगतान की प्रक्रिया:- स्वीकृत धनराशि का भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से उपकरण आपूर्ति करने वाले फर्म के बैंक खाते में किया जायेगा।

अभिलेखों का रख-रखाव:- इस योजना अन्तर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्राप्त आवेदनों का रख-रखाव निदेशालय स्तर पर किया जायेगा।

अनुदान की वसूली:- धनराशि का दुरूपयोग करने पर भारतीय दंण्ड संहिता के तहत् अपराध माना जायेगा एवं अनुदान की धनराशि भू-राजस्व के बकाये की भांति वसूल कर लिया जायेगा।

अन्य:- किसी भी प्रकार के विवाद की दशा में "शासी निकाय" का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता के साथ व्यक्तिगत व्यक्ति की सहायता करने वाले उपकरण के क्रय हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु आवेदन का प्रारूप

पास पोर्ट साइज फोटो

1	आवेदक का नाम	
2	पिता/माता का नाम	
3	आवेदक का पता	
4	टेलीफोन नं0/मो0नं0/ई0मेल आई0डी0	
5	जन्म तिथि	
6	लिंग (पुरूष/महिला/अन्य)	
7	दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत	
8	आधार नं0 अथवा आधार पंजीकरण नं0 (यदि आधार नं0 नहीं प्राप्त हुआ है तो)।	
9	परिवार का वार्षिक आय	
10	दिव्यांगता प्रमाण-पत्र का विवरण	
	(1) रजिस्ट्रेशन नम्बर	
	(2) जारी होने की तिथि	
11	वित्तीय सहायता प्राप्त करने का प्रयोजन	
12	उपकरण उपलब्ध कराने वाले फर्म के बैंक का नाम	
13	आवेदक के बैंक का नाम	
14	खाता संख्या	
15	आई0एफ0एस0सी0 कोड	

आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रमाण-पत्र:-

1. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की प्रति।
2. आय प्रमाण-पत्र की प्रति।
3. आधार कार्ड अथवा आधार पंजीकरण नम्बर (यदि आधार कार्ड अभी प्राप्त नहीं हुआ है) की प्रति।
4. शासकीय चिकित्सालय द्वारा की गयी अनुशंसा की प्रति।
5. उपकरण मूल्य का कोटेशन की प्रति।

4- उ0प्र0 के दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता।

उद्देश्य-

इस योजना का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले दिव्यांगजन जो धनराशि के अभाव में गम्भीर बीमारियों का इलाज कराने में सक्षम नहीं है, उनके बीमारियों के इलाज के खर्च की धनराशि राज्य निधि से एक मुश्त सहायता के रूप में उपलब्ध कराना।

पात्रताः- निम्नलिखित दिव्यांगजन अनुदान हेतु पात्र होंगेः-

(क) ऐसे दिव्यांगजन (दिव्यांगता 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक हो) जिनकी स्वयं अथवा माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रू. 2.0 लाख से अधिक न हो।

(ख) भारत का नागरिक हो।

(ग) उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी या कम से कम 05 वर्ष से प्रदेश का अधिवासी हो।

(घ) किसी अपराधिक मामले में दंडित न किया गया हो।

(च) ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनको इसी कार्य हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार से लाभान्वित किया गया है तो, उनको इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

वित्तीय सहायताः-(अ) राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे चिकित्सालय/चिकित्सा महाविद्यालय एवं इस स्तर के विशेष चिकित्सालय जैसे टाटा मेमोरियल कैंसर चिकित्सालय आदि द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन की सम्पूर्ण धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी।

(ब) शासकीय चिकित्सालय में या भारत सरकार या उत्तर प्रदेश सरकार के स्वायतशासी चिकित्सालय अथवा ऐसे चिकित्सालयों जिन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना की नेशनल हेल्थ अथॉरिटी अथवा राज्य स्तर पर कार्यदायी संस्था **SACHIS (State Agency For Comprehensive Health Insurance and Integrated Services)** द्वारा अपने पैनल पर रखा गया है, में इलाज कराये जाने की दशा में ऐसी बीमारी पर आयुष्मान भारत योजना में चिकित्सा पर आने वाले व्ययभार के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रियाः-

1. ऐसे पात्र दिव्यांगजन जो इस योजना से लाभान्वित होना चाहते है, उनके द्वारा योजना हेतु निर्धारित आवेदन पत्र चिकित्सालय के आगणन के साथ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण द्वारा अपनी संस्तुति सहित आवेदन पत्र निदेशक को प्रेषित किया जायेगा। आकस्मिकता के दशा में आवेदन पत्र सीधे निदेशक को भेजे जा सकते हैं, जिनका यथावश्यक परीक्षण जनपद से कराया जायेगा।
2. विभागीय मा0 मंत्री जी/जिलाधिकारी/सम्बन्धित चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराये गये आवेदन पत्रों पर भी विचार किया जायेगा।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किये जायेंगे।

(क) दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जो सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदान किया गया हो अथवा यू0डी0आई0डी0 कार्ड।

(ख) वार्षिक आय (सभी स्रोतों से) का प्रमाण-पत्र।

(ग) सम्बन्धित चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन की प्रति।

(घ) आधार कार्ड अथवा आधार पंजीकरण नम्बर (यदि आधार कार्ड अभी प्राप्त नहीं हुआ है तो) की प्रति।

स्वीकृत प्रक्रिया:-

1. निदेशालय में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का परीक्षण किया जायेगा, पात्र होने पर उन्हें सूचीबद्ध कराया जायेगा।
2. इस योजना हेतु प्राप्त आवेदन पत्र अपूर्ण होने के आधार पर निरस्त नहीं किये जायेंगे बल्कि जो अभिलेख, प्रमाण:- पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं है उन्हें अधिकतम् 15 दिन में पूर्ण कराया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदनकर्ता का होगा।
3. निदेशालय स्तर पर परीक्षण कर पूर्ण प्रस्ताव को वित्तीय सहायता हेतु शासन स्तर पर गठित समिति को प्रेषित किया जायेगा।
4. अनुदान दिये जाने हेतु राज्य निधि के प्रबन्धन हेतु अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित "शासी निकाय" में निर्णय लिया जायेगा।

भुगतान की प्रक्रिया:- स्वीकृत धनराशि का भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से सम्बन्धित चिकित्सालय /चिकित्सा महाविद्यालय के बैंक खाते में किया जायेगा।

अभिलेखों का रख-रखाव:- इस योजना अन्तर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्राप्त आवेदनों का रख-रखाव निदेशालय स्तर पर किया जायेगा।

अनुदान की वसूली:- धनराशि का दुरूपयोग करने पर भारतीय दण्ड संहिता के तहत् अपराध माना जायेगा एवं अनुदान की धनराशि भू-राजस्व के बकाये की भांति वसूल कर लिया जायेगा।

अन्य:- किसी भी प्रकार के विवाद की दशा में "शासी निकाय" का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

"राज्य निधि" के अन्तर्गत प्रदेश के दिव्यांगजन के गम्भीर बीमारियों के उपचार हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु आवेदन का प्रारूप

पास पोर्ट साइज फोटो

1.	आवेदक का नाम	
2.	पिता/माता का नाम	
3.	आवेदक का पता	
4.	टेलीफोन नं0/मो0नं0/ई0मेल आई0डी0	
5.	जन्म तिथि	
6.	लिंग (पुरुष/महिला/अन्य)	
7.	दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत	
8.	आधार नं0/पंजीकरण नं0 (आधार कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है तो)।	
9.	परिवार का वार्षिक आय	
10.	दिव्यांगता प्रमाण-पत्र का विवरण	
	(1) रजिस्ट्रेषन नम्बर	
	(2) जारी होने की तिथि	
11.	वित्तीय सहायता प्राप्त करने का प्रयोजन	
12.	चिकित्सालय के बैंक नाम	
13.	खाता संख्या	
14.	आई0एफ0एस0सी0 कोड	

आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रमाण-पत्रः-

1. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की प्रति।
2. आय प्रमाण-पत्र की प्रति।
3. आधार कार्ड अथवा आधार पंजीकरण नम्बर (यदि आधार कार्ड अभी प्राप्त नहीं हुआ है तो) की प्रति।
4. शासकीय चिकित्सालय द्वारा प्राप्त आगणन की प्रति।
5. दवाइयों के क्रय पर हुए व्यय के मूल बिल-वाउचर जो कि उस चिकित्सक/अस्पताल द्वारा प्रमाणित तथा भुगतान हेतु सत्यापित किये गये हो, जिनके द्वारा उपचार किया गया हो।

आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि कु0/श्री/श्रीमती.....पुत्र/पुत्री/पत्नी..... ..... आयु लगभग.....वर्ष .....रोग से पीड़ित हैं। इनका उपचार.....(क्लीनिक/ चिकित्सालय का नाम) में मरीज की अपरिहार्य परिस्थिति को देखते हुए दिनांक.....से प्रारम्भ किया गया।

चिकित्सक के हस्ताक्षर एवं मुहर

Certified granted to Mr./Mrs./Miss----------

Wife/Son/Daughter of----------

Certificate 'A'

(To be completed in the case of patient who are not admitted in hospital treatment)

I _____ hereby certify:-

(a) that I charged/received Rs.....for consultations on..... at my consulting room/ at the residence for the patient.

(b) that I charged and received Rs. .....for administering intra-muscular /subcutaneous injections on .....at may consulting room/at the residence of the patient.

(c) that the injections administered were for/were not immunising or prophlactic purpose.

(d) that the patient has been under treatment at _____ my consulting room and that the under mentioned medicines prescribed by me in this connection were essential for the recovery/prevention of serious, deterioration in the condition of the patient. The medicines are not stocked in the v.....v. for supply to private patients..... (name of the hospital) and do not include proprietary preparations for which cheaper substances of equal therapeutic value are available nor preparations which are primarily/foods, toilets or

S.L. No.	Name of Medical Store	Voucher No.	Date	Amount

(e) that the patient is/was suffering from.....and is/was under my treatment from _____

f) that the patient is/was not given prenatal or post.natal treatment.

(g) that the X.Ray, Laboratory test, etc. for which an expenditure of Rs..... as incurred were necessary and were undertaken on my advice at .....

(h) that I referred the patient of Dr..... for specialist consultation and that the necessary of the .....as required under the rules was obtained.

(i) that the patient did not required/required hospitalisation.

Date .....

Signature & Designation of the
Medical Officer and the Hospital/
Dispensary to which attached.

N.B. :. Certificate not applicable should be struck off. Certificate (A) is compulsory and must be filled in by the Medical Officer in all cases.

COUNTERSIGNED

Medical Superintendent

.....Hospital

I certify that the patient has been under treatment at _____and that the facilities provided were minimum, which were essential for the patient's treatment.

Place ----------

Date .....

Medical Superintendent

.....Hospital